# वागड़ संदेश

Tital Code. : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-10 सागवाड़ा, शनिवार, 4 सितम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


**सुविचार**

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

# माला के किसी एक मनके में मन लग जाए तो जीवन धन्य हो जाता है

**सागवाड़ा।**

**सागवाड़ा।** दिगंबर जैन आचार्य अनुभव सागर महाराज ने जैन बोर्डिंग स्थित वात्सल्य सभागार में धर्मसभा में शनिवार को अपने मंगल प्रवचन में कहा है कि संसार में क्षण प्रतिक्षण व्यक्ति की सोच और उसके भाव तथा व्यवहार अक्सर बदलता रहता है। कोई बदलते हुए दौर में भी अपने आप को नही बदलना चाहे तो फिर कर्मों के अनुसार ही परिणाम को प्राप्त करता है। जैसा कर्म वैसा ही फल मिलता है।

ग़लत सोच के कारण सुख भोगने की चाहत में कभी कभी दुख की दरिया में गिर जाता है। उन्होंने कहा कि संत और ज्ञानियो का सानिध्य पाकर मन ,वचन एवं आचरण में परिवर्तन निश्चित तौर पर होता है । मन के भावों मे परिवर्तन से धर्म और प्रभु भक्ति से दूर रहने वाला बहुत बड़ा संत भी बन जाता है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि एक सौ आठ मनके की माला जपने से हर कोई धर्मात्मा बन सकता है मगर माला के किसी एक मनके में मन लग जाए तो जीवन धन्य हो जाता है।



अनुभव सागर महाराज से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

उन्होंने कहा कि जो मन में श्रेष्ठ रुचि तथा सकारात्मक भाव जागृत करते हैं वही सफलता के शिखर पर पहुंचते है।

धर्मसभा मे पूर्वाचार्यो के चित्र का अनावरण,दीप प्रज्वलिन गुरुपूजा एवं अर्ध्य समर्पित नटवरलाल सारगिया, सुमितलाल सारगिया तथा चेतन लाल दोषी परिवार द्वारा किया गया।मंगलाचरण लीना सारगिया द्वारा प्रस्तुत किया और आचार्य के पाद प्रक्षालन का लाभ चेतनलाल खुमजी दोषी परिवार ने प्राप्त किया।

## चन्द्रप्रभु भगवान का महाभिषेक, महिला महासभा का शपथ ग्रहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम कल

**सागवाड़ा।** आचार्य अनुभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में रविवार के महाभिषेक स्थानीय श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में में होगा। मूलनायक अष्टम तीर्थंकर श्री चंद्रप्रभु भगवान का श्रावको द्वारा विविध द्रव्य पूरित कलशों से किया जाएगा ।प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया विरल ने बताया कि अभिषेक के बाद आचार्य अनुभव सागर महाराज द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धालुओं द्वारा विश्व शान्ति कामनार्थ भगवान के मस्तक पर शान्तिधारा की जाएगी।अर्घ्य समर्पण के बाद आचार्य का पाद प्रक्षालन किया जाएगा ।

रविवार को ही 18 हज़ार दशा हुमड दिगम्बर जैन महिला महासभा का शपथ ग्रहण समारोह तथा महिला महासभा द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धर्मसभा मे महिला महासभा की अध्यक्ष साधना कोठारी ने बताया कि गुरुदेव के सानिध्य में समाज सेठ और ट्रस्टी गणों तथा भारतवर्षीय 18000 दशा हुमड दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के आतिथ्य में महिला महासभा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

महिला महासभा के शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात दोपहर बाद 4 बजे आचार्य शांतिसागर महाराज के समाधि दिवस पर आचार्य अनुभवसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में अतिशय तीर्थ योगीन्द्रगिरी पर वृक्षारोपण किया जाएगा ।

## पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा रहे सागवाड़ा विधानसभा दौरे पर

**डूंगरपुर।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा 4 सितम्बर को सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे जहां कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना तथा उसके समाधान हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिसके पश्चात वें गलियाकोट पहुंचे जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रज़्ज़ाक चाचा के इंतकाल पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण को कांग्रेस कभी भुला नही सकती। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कुरिचन्द यादव, जिला कांग्रेस महामंत्री एडवोकेट कपिल भट्ट, एडवोकेट लालशंकर पाटीदार ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

## कलेक्टर ने होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक अस्पतालों का निरीक्षण किया

**डूंगरपुर।**

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आज जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक अस्पतालों के साथ सीएचसी व पीएचसी और स्कूलों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने पहले शहर के होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचे जहा पर कलेक्टर ने दवाओं की उपलबध्ता, मरीजो के साथ योगा सेंटर और कोरोना काल में काढा वितरण समबन्धि जानकारी ली। इस दौरान आयुर्वेद विभाग के अधिकारियो ने जिले में रिक्त पदों की समस्या से जिला कलेक्टर को अवगत करवाया। वही इसके बाद जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आड़ीवाट, गामडी अहाडा, रामसागडा व गलन्दर गाँवों का दौरा किया यंहा भी कलेक्टर ने आयुर्वेदिक अस्पताल व पीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पीएचसी पर आयोजित कोरोना वेक्सिनेशन शिविर का अवलोकन किया और वहा मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए वेक्सिनेशन के प्रति जागरुक किया और गाँव में 18 प्लस आयु के सभी लोगो को कोरोना वेक्सिन लगवाने के लिए आव्हान किया।

## गणेशोत्सव के तहत डूंगरपुर में गणेश मंडलों की हुई बैठक

**डूंगरपुर।**

जिले के कोतवाली थाने में गणेशोत्सव के तहत डूंगरपुर पुलिस उपाधीक्षक मनोज सामरिया व सीआई दिलीपदान चारण ने शहर के गणेश मंडलों की बैठक ली।

बैठक में सभी गणेश मंडलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक मनोज सामरिया ने कोरोना गाइड लाइन की पालना करते हुए गणेश स्थापना व गणेशोत्सव मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की गणेशोत्सव के तहत शहर में कोई जुलुस नहीं निकाला जाएगा, गणेश प्रतिमा की साइज भी एक से 2 फीट के बीच रहेगी।

वही उन्होंने गणेश विसर्जन के तहत प्रतिमाओं का विसर्जन शहर की गेप सागर झील में न करके दो नदी में करने के लिए भी निर्देशित किया। इस मौके पर गणेश मंडलों के प्रतिनिधियो ने कोरोना गाइड लाइन के तहत गणेशोत्सव मनाने के लिए आश्वस्त किया।

## जय अम्बे पदयात्रियों का जत्था अंबाजी के लिये रवाना



गुजरात के अंबाजी के लिए रवाना होता पदयात्रियों का जत्था।

**पाड़वा।**

**पाड़वा।** ओड व सामालिया गांव से जय अम्बे पदयात्रियों का जत्था शुक्रवार व शनिवार रवाना हुए। जय अंबे पदयात्री संघ ओड के पद यात्री ओड तालाब की पाल पर स्थित माताजी मंदिर से पूजा अर्चना व आरती कर रवाना हुए। क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर गुजरात शक्तिपीठ के लिए जय अंबे पदयात्री सघ ओड का 31 पर यात्रियों का जत्था शुक्रवार को सुबह ओर से अंबाजी के लिए रवाना हुआ जो 10 तारीख को शक्तिपीठ अंबाजी पहुंचकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर वापस लौटेंगे। वही जय अंबे पदयात्री सामलिया के पद यात्री शनिवार को गांव में भव्य जुलूस के साथ अंबाजी के लिए रवाना हुए वही इसी क्रम में, कराड़ा व पाड़वा के संघ भी अंबाजी रवाना होंगे। वही कराड़ा व पाडवा गांव से जत्थे 5 तारीख रविवार को रवाना होंगे।

## हिम्मतनगर में दिव्यांगोंजनों के साथ मनाई जन्माष्टमी

**हिम्मतनगर।**

मानवता को संजोए रखने का कार्य वागड़ के सागवाड़ा उपखंड के गामड़ा ब्राह्मनिया निवासी प्रकाश उपाध्याय ने किया है। उपाध्याय हिम्मतनगर में निज़ी शिक्षण संस्थान में कार्यरत है। हिम्मतनगर के जय जलाराम मानसिक दिव्यांग आश्रम में प्रकाश उपाध्याय ने जन्माष्टमी पर्व दिव्यांगों के साथ पूरा दिन बिताया साथ ही अपने शैक्षणिक अनुभवों को दिव्यांगों के साझा किया। इस दौरान जय जलाराम मानसिक दिव्यांग आश्रम के संचालक जेठाभाई पटेल और उनके सुपुत्र पीनाकीन भाई के सानिध्य में दिव्यांगों के साथ महाप्रसाद कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## 18 प्लस के 40 हजार लोगों को लगाई जा रही वैक्सीन

**डूंगरपुर।** कोरोना की तीसरी लहर से बचाने वेक्सिनेशन सबसे कारगर उपाय है और आज शनिवार को जिलेभर में वेक्सिनेशन को लेकर महाभियान चलाया जा रहा है। 353 ग्राम पंचायत समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों और नगर निकायों में वेक्सिनेशन शिविर लगाए है। इन शिवरो मे आज सुवह से वैक्सीन लगवाने के लिए युवाओ में जबर्दस्त उत्साह नजर आ रहा हैं। जिले में आज शनिवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना वेक्सिन का महाभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले की सभी 353 ग्राम पंचायते व सभी सीएचसी व पीएचसी पर कोरोना वेक्सिनेशन शिविर लगाए है।

सभी सेंटर्स पर टीम शिविर में आने वाले 18 प्लस से अधिक लोगो को पहला व दूसरा डोज लगाई जा रही है।

## गोवत्स द्वादशी पर बछ बारस का व्रत किया



गोवत्स द्वादशी पर गौमाता की पूजा करती महिलाएं।

**डूंगरपुर।**

नया महादेव के समीप वागड़ वाटिका प्रांगण में सनातन धर्म की महिलाओं द्वारा बछ बारस - गोवत्स द्वादशी का व्रत भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को किया। इस दिन महिलाएं सुबह स्नान कर शुद्ध नवीन परिधान ग्रहण कर गौमाता व बछड़े की पूजा कर बच बारस की कथा श्रवण कर अपने पुत्र को नारियाल का गोला देती है। इस दिन व्रतधारी महिलाएं चाकू से कटे फल सब्जी का सेवन नही करती तथा बिना छोक लगे हुए भोजन का सेवन करती है।

## देशी महुआ शराब के 5 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई, 8 भट्टियां तोड़ी, 2 हजार लीटर महुआ वॉश नष्ट

**गणेशपुर।** अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ दोवड़ा थाना पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने 5 ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए भट्टियों पर तैयार हो रही देशी महुआ शराब को नष्ट किया गया है। वहीं पुलिस की कार्रवाई होते ही देशी शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया।

दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार अवैध देशी महुआ शराब बनाने की शिकायत मिल रही थी। इस पर महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। हेड कांस्टेबल सुरेश, कांस्टेबल पुष्पेंद्रसिंह, रमणलाल, योगेंद्रसिंह, महेश, रणछोड़, रमणलाल की टीमें बनाकर पगारा, रणसागर, घटाउ व वस्सी गांव में अलग-अलग पांच ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की गई। इस दौरान पानी के किनारों और घर के आसपास भट्टियां बनाकर देशी महुआ शराब बनाई जा रही थी। पुलिस को देखते ही अवैध शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया और भाग गए।

पुलिस ने इन अलग-अलग ठिकानों से 8 भट्टियां मिली, जिस पर मटकियां रखकर महुआ शराब बनाई जा रही थी।

## जन्मदिन पर गौशाला में गौग्रास का लाभ लिया



सागवाड़ा गौशाला में गौग्रास कराते अतिथि।

**सागवाड़ा।**

आरा माणकपुरा स्थित श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला में गोग्रास कराने का क्रम जारी है। शुक्रवार को सागवाड़ा निवासी पवन भोई पिता नारायण लाल भोई तथा उनकी नन्ही भतीजी सुमेधा पिता विनोद भोई ने अपने जन्मदिन पर गौशाला में गोग्रास करवाया। इससे पूर्व रुद्र वाहिनी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी प्रकाशनाथ तथा नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की उपस्थिति मे पंडित दुर्गेश पाठक ने मंत्रोच्चार से गोपुजन करवाया तथा रोटी, गुड, चारा और बछडो को दुध पिलाया गया। इस अवसर पर योगी प्रकाशनाथ महाराज ने गौशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि गौशाला में गौमाता को किसी भी प्रकार की तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आमजनों से अपील की कि शुभप्रसंग यथा जन्मदिन, सालगिरह पर गोग्रास कराये। आगामी श्राद्ध पक्ष में गौशाला मे पधारकर अपने पितरो की याद में गोग्रास करावे। गोसेवा से पितरो को निश्चित रूप से लाभ प्राप्त होता है ।इस अवसर पर भरत भट्ट, केपी सिह, कल्पेश सुथार,नरेश पाठक,निरज शर्मा, प्रहलाद जोशी, रौनक असावरा, भुपेन असावरा,मोतीलाल कलाल, जगदीश बुनकर,देवीलाल पाटीदार, मानशंकर, करमवीर सिह, नरेश भट्ट, मनीषा भोई, दिपिका भोई, रेखा भोई आदि उपस्थित थे । उक्त जानकारी प्रवक्ता जितेन्द्र सिह चौहान तथा संयोजक मुकेश भोई ने दी।

## छापी गांव में खेतों में घास काट रही एक महिला के पास अचानक आया 10 फ़ीट लंबा अजगर

**डूंगरपुर।**

**डूंगरपुर।** जिले के छापी गांव में मवेशियों के लिए खेतों में घास काट रही एक महिला के पास अचानक 10 फ़ीट लंबा अजगर आ गया, जिससे महिला घबराकर चिल्लाई तो आसपास के लोग दौड़कर पंहुचे। वन विभाग के कर्मचारियों ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगलों में छोड़ा। दरअसल बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के छापी गांव निवासी रमेश पटेल की पत्नी सीता पटेल खेतों में मवेशियों आके लिए चारा लेने गई थी। घास काटते समय अचानक पीछे से हरकत लगने पर मुड़कर देखा तो 10 फ़ीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखते ही महिला घबरा गई और चिल्लाई तो आसपास के खेतों में काम कर रहे दूसरे लोग पंहुच गए। वहीं महिला का पति रमेश पटेल भी आ गया। वहीं अजगर को देखने के लिए गांव के लोगों की भीड़ जुट गई।

इसके बाद रमेश ने इसकी सूचना छापी नाका को दी, जिस पर फोरेस्टर सोहनलाल व कालूराम मनात मौके पर पंहुचे। काफी मशक्कत के बाद अजगर को रेस्क्यू किया। इसके बाद खेतों में काम रहे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं रेस्क्यू किये गए अजगर को वन विभाग ने छापी गांव के जंगलों में सुरक्षित मुक्त किया ।

## सेवा का ऐसा जजबा सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में रात 11 बजे हुआ Ab नेगेटिव रक्तदान

**सागवाड़ा।**

सपना फाउंडेशन वागड़ में रक्तदान करवाने वाला उभरता समूह बनता जा रहा है। आये दिन सपना फाउंडेशन से जुड़े सदस्य क्षेत्र में रक्त की कमी को रक्तदान करवाकर जिंदगी बचाने का कार्य कर रहे है । सपना फाउंडेशन के द्वारा दुर्लभ रक्त समूह Ab- का रक्तदान किया गया। बांसवाड़ा के MG हॉस्पिटल में Ab-नेगेटिव रक्त की आपातकालिन आवश्यकता होने की सूचना सपना फाउंडेशन के फाउंडर विश्वम्भर मेघवाल सुखवाड़ा को मिली। विश्वम्भर मेघवाल ने रक्त की आपातकालिन आवश्यकता को गंम्भीरता से लेते हुए फाउंडेशन के सभी सदस्यों को जानकारी दी । मामले की गंभीरता को देखते हुए सपना फाउंडेशन डूंगरपुर प्रभारी पीयूष पिंडावल से संपर्क किया गया। प्रभारी ने सपना फाउंडेशन के सभी रक्तवीरो से संपर्क किया। डूंगरपुर प्रभारी के प्रयासों से रात 11 बजे एबी नेगेटिव ब्लड का रक्तदानकिया गया। जागरूक रक्तवीर मनोज द्वारा, सूचना मिलने के मात्र 15 मिनट में रात्रि 11 बजे ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया गया।



रक्तदान करते सपना फाउन्डेशन के सदस्य।

इस अवसर पर सपना फाउंडेशन डूंगरपुर प्रभारी पीयूष पिंडावल, नरेश पाटीदार, बबिता चौधरी उपस्थित रहे। वही सपना फाउंडेशन के फाउंडर विश्वम्भर मेघवाल सुखवाड़ा ने, Ab नेगेटिव ब्लड डोनर मनोज का आभार व्यक्त किया और सपना फाउंडेशन के डूंगरपुर प्रभारी पीयूष पिंडावल और सभी सदस्यों की सराहना की । ब्लड बैंक से सुरेंद्र ठिकरिया का विशेष सहयोग रहा।